नरेन्द्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने नोएडा में मोबाइल उत्पादन यूनिट का उद्घाटन किया

- नरेन्द्र मोदी और कोरिया गणराज्य के राष्ट्रपति श्री मून जेई-इन ने आज नोएडा में सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड की एक विशाल मोबाइल उत्पादन यूनिट का उद्घाटन किया।
- उन्होंने कहा कि लगभग 5000 करोड़ रुपये के निवेश से न केवल भारत के साथ सैमसंग के कारोबारी संबंध सुदृढ़ होंगे, बल्कि यह भारत और कोरिया के बीच संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अंतरराष्ट्रीय संबंध

इंडिया स्मार्ट सिटीज फेलोशिप और इंडिया स्मार्ट सिटीज इंटर्नशिप कार्यक्रम लांच

- आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री हरदीप एस। पुरी ने कहा है कि स्मार्ट सिटीज फेलोशिप और इंटर्नशिप कार्यक्रम से युवाओं को शहरी नियोजन एवं गवर्नेंस के विभिन्न पहलुओं का अनुभव करने का अवसर प्राप्त होगा।
- स्मार्ट सिटी डिजिटल भुगतान पुरस्कार के शुभारंभ की घोषणा करते हुए हरदीप एस। पुरी ने कहा कि इसका उद्देश्य डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के साथ-साथ अभिनव डिजिटल भुगतान पहलों को अपनाने के लिए स्मार्ट सिटीज को प्रोत्साहित करके ‘डिजिटल इंडिया’ को बढ़ावा देना और भारत के शहरी निवासियों के जीवन को सरल बनाना है।

राष्ट्रीय खबर

सरकार ने 6 शैक्षणिक ‘उत्कृष्ट संस्थान’ घोषित किए

- सरकार ने 6 उत्कृष्ट संस्थानों का चयन किया है, जिनमें से 3 संस्थान सार्वजनिक क्षेत्र के और 3 संस्थान निजी क्षेत्र के हैं।
- सार्वजनिक क्षेत्र : (i) भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू, कर्नाटक (ii) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई, महाराष्ट्र और (iii) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली।

राष्ट्रीय खबर

● निजी क्षेत्र : (i) जियो इंस्टीट्यूट (रिलायंस फाउंडेशन) पुणे, ग्रीन फील्ड श्रेणी के तहत (ii) बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज, पिलानी, राजस्थान; और (iii) मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, मणिपाल, कर्नाटक।

बिहार के शहाबाद-भोजपुर क्षेत्र के सोन नहर प्रणाली के पक्कीकरण प्रोजेक्ट को एडीबी की मंजूरी मिली

राष्ट्रीय खबर

● आज विद्युत तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री आर.के. सिंह ने दिल्ली में अपने कार्यालय में बिहार केशहाबाद-भोजपुरक्षेत्र के सोन नहर प्रणाली के पक्कीकरण प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा हेतु एशियाई विकास बैंक के अधिकारियों एवं वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की।

● बैठक में एडीबी के प्रतिनिधियों ने बताया कि एडीबी ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है।

भारतीय रेलवे ने पश्चिमी रेलवे के राजकोट डिवीजन से प्रथम डबल स्टैक ड्वार्फ कंटेनर सेवा का शुभारंभ किया

राष्ट्रीय खबर

● वित्त, कॉरपोरेट मामले, रेल और कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल के मार्गदर्शन में भारतीय रेलवे ने 'डबल स्टैक ड्वार्फ कंटेनर' सेवाओं का शुभारंभ किया है।

● इसका उद्देश्य घरेलू कारगो के लिए नये डिलीवरी मॉडल के जरिए यातायात के उस स्तर को फिर से हासिल करना है, जिसमें विगत वर्षों के दौरान कमी देखने को मिली थी।

● माल ढुलाई करने वाली इस ट्रेन को 07 जुलाई, 2018 को पश्चिमी रेलवे के राजकोट रेलवे स्टेशन से उसके प्रथम वाणिज्यिक परिचालन के दौरान झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

संस्कृति मंत्रालय 16 से 18 सितंबर तक नई दिल्ली में पहले 'भारत पर्यटन मार्ट' का आयोजन करेगा

राष्ट्रीय खबर

● केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री के.जे. अल्फोंस ने आज घोषणा करते हुए कहा कि राज्य/ केंद्र शासित प्रदेशों तथा भारतीय पर्यटन व अतिथि सत्कार परिसंघ के सहयोग से पर्यटन मंत्रालय 16 से

18 सितंबर, 2018 तक नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'भारत पर्यटन मार्ट' का आयोजन करेगा।

- विश्व के अन्य देशों में आयोजित होने वाले पर्यटन मार्ट को ध्यान में रखते हुए 'भारत पर्यटन मार्ट' का आयोजन किया जा रहा है।

इज़राइल ने प्रदूषण फैलाने वाली कम्पनियों के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया

- इज़रायली मंत्रिस्तरीय समिति द्वारा पारित विधेयक के अनुसार अब आम नागरिक एवं एनजीओ प्रदूषण फैलाने वाली कम्पनियों के खिलाफ सिविल कोर्ट में केस दायर कर सकते हैं।
- इज़राइल सरकार द्वारा 08 जुलाई 2018 को यह विधेयक पारित किया गया।
- इस विधेयक से उन दिग्गज कम्पनियों पर दबाव बनाया जा सकेगा जो राज्य द्वारा प्रदूषण नियंत्रण हेतु बनाए गये नियमों का पालन नहीं करते।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने थर्मोकोल से बने बर्तनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया

- हिमाचल प्रदेश सरकार ने 07 जुलाई 2018 को पूरे प्रदेश में थर्मोकोल के बर्तनों की बिक्री किए जाने की घोषणा की।
- राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने इसका आदेश जारी किया।
- इस आदेश में कहा गया है कि पर्यावरण के ध्यान में रखते हुए आदेश दिया जा रहा है कि प्रदेश में थर्मोकोल के कप, प्लेट, ग्लास, चम्मच, कटोरी या किसी भी प्रकार के बर्तन नहीं बेचे जाएंगें।

भारत में वर्ष 2016 में 54,723 बच्चों का अपहरण हुआ: गृह मंत्रालय

- गृह मंत्रालय की ओर से जारी वर्ष 2016 के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष भारत से लगभग 55,000 बच्चों अपहरण किया गया।
- यह आंकड़ा एक वर्ष पहले के आंकड़ों के मुकाबले 30% अधिक है।

अंतरराष्ट्रीय समाचार

राष्ट्रीय खबर

श्रेणी और रिपोर्ट

● गृह मंत्रालय की 2017-18 की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2016 में 54,723 बच्चे अगवा हुए लेकिन केवल 40.4 प्रतिशत मामलों में ही आरोप पत्र दाखिल किए गए।

दीपा करमाकर जिम्नास्टिक विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं

खेल

● भारत की प्रसिद्ध जिम्नास्टिक महिला खिलाड़ी दीपा करमाकर ने 8 जुलाई 2018 को जिम्नास्टिक विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा।

● यह विश्व कप तुर्की में वर्ल्ड चैलेंज कप के नाम से आयोजित किया गया।

● दीपा ने जिमनास्टिक की वॉल्ट स्पर्धा में 14.150 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया।

आईपीसी की धारा 377 को सुनने के लिए संविधान पीठ का पुनर्गठन किया गया

राष्ट्रीय खबर

● आईपीसी की धारा 377 को अंसवैधानिक करार देने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों का संविधान पीठ 10 जुलाई 2018 से सुनवाई शुरू करेगा।

● भारतीय दंड संहिता की धारा 377 को समलैंगिक यौन संबंध स्थापित करने को अपराध करार देती है।

● पीठ केरल के सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 साल की उम्र की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध से जुड़े विवादित मुद्दे की भी सुनवाई करेगी।

न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल एनजीटी का अध्यक्ष नियुक्त

नियुक्ति

● सुप्रीम कोर्ट से सेवानिवृत हुए न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल को 06 जुलाई 2018 को राष्ट्रीय हरित अधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

● इससे पहले जस्टिस स्वतंत्र कुमार एनजीटी अध्यक्ष थे जबकि फिलहाल जस्टिस जावेद रहीम कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

● कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी एक आदेश के मुताबिक, न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल को पांच साल के लिए एनजीटी अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।

यस बैंक को जेफरीज ने दी 'बाय' रेटिंग

अर्थव्यवस्था

● ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने यस बैंक को 440 रुपये प्रति शेयर के टारगेट प्राइस के 'बाय' रेटिंग दी है।

● यह मौजूदा मार्केट प्राइस से 25 पर्सेंट कम है क्योंकि केयर के रेटिंग अपग्रेड के बाद बैंक की फंडिंग कॉस्ट में 0.30-0.40 पर्सेंट की गिरावट आई है।

जीएसटी कानून में 46 संशोधनों का प्रस्ताव

अर्थव्यवस्था

● अब नियोक्ता अपने कर्मचारियों को उपलब्ध कराये जाने वाले खाना-पीना, परिवहन और बीमा जैसी सुविधाओं पर चुकाए गए जीएसटी के लिए इन-पुट कर क्रेडिट प्राप्त कर सकेंगे।

● जीएसटी कानून में संशोधन के कुल 40 से अधिक प्रस्तावों में एक प्रस्ताव ऐसे प्रावधान के लिए भी किया गया है।

● संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा इसके पारित होने के बाद यह अमल में आएगा।

चीन ने घटाया भारतीय दवाइयों पर आयात शुल्क

अंतरराष्ट्रीय समाचार

● भारत-चीन ने एक समझौते के तहत चीन में आयात होने वाली दवाओं पर आयात शुल्क कम करने का फैसला किया है।

● सोमवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन की एक फिल्म में ल्यूकीमिया से जूझ रहे मरीज को दिखाया गया था।

● इसमें यह भी दिखाया गया था कि अगर भारत से दवाइयां आसानी से आयात हों तो मरीजों को राहत मिल सकती है।

न्यूट्रिहेल्थ में स्टेक ले सकती है ऑर्गेनिक इंडिया

राष्ट्रीय खबर

ORGANIC INDIA®
HEALTHY CONSCIOUS LIVING

● ऑर्गेनिक फूड और सप्लीमेंट्स कंपनी ऑर्गेनिक इंडिया न्यूट्रिशनिस्ट शिखा शर्मा की कंपनी न्यूट्रिहेल्थ में बड़ी हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर रही है।

● ऑर्गेनिक फंड पर एथनिकवेयर कंपनी फैबइंडिया का कंट्रोल है।

● वहीं, न्यूट्रिहेल्थ पर्सनलाइज्ड न्यूट्रिशन मैनेजमेंट सर्विस

ऑफर करती है।

- ऑर्गेनिक इंडिया दिल्ली की न्यूट्रिहेल्थ में 20-40 पर्सेंट हिस्सेदारी खरीद सकती है।